C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:30 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:52 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 73 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 4 सितम्बर 2025

निक जोनस ने गाया ऐसा गाना...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव, मचा हड़कंप

हल्द्वानी। बीती देर शाम पेड़ से लटकी हुई व का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया है गौरतलब है कि जंगल में पेड़ से लटका हुआ वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया । वन विभाग की टीम ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और उसकी समाप्त करने के प्रयास किया पुलिस के अनुसार सीवर ट्रीटमेंट प्लांट इंदिरानगर के पास जंगल में एक वृद्ध का शव पेड़ से लटका मिला। थाना बनभूलपुरा के प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि बुधवार देर शाम वन विभाग ने थाना बनभूलपुरा को शव की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान सुरेंद्र सिंह तोमर (66) पुत्र सूरज पाल तोमर, निवासी शिवाजी कॉलोनी, फार्म नंबर 3, देवलचौड़, हल्द्वानी के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी रख दिया था। पुलिस ने आज गुरुवार को इसका पंचनामा भर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच में पुलिस जुड़ गई है।

## आपस में झगड़ रहे भाइयों के खिलाफ कार्रवाई, चालान

रुद्रपुर। कोतवाली की चौकी बगवाड़ा पुलिस ने आपस में झगड़ा कर शांत व्यवस्था भंग करने के आरोप में दो भाईयों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिगवाल ने बताया कि बगवाड़ा पुलिस क्षेत्र नई बस्ती में दो भाईयों के बीच झगड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर एसआई मोहन चंद्र जोशी, दिलीप कुमार को मौके पर भेजा गया। पुलिस को दोनों में आपस में विवाद के बाद मारपीट कर रहे। पुलिस ने दोनों को शांत भंग के आरोप में हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच में दोनों पक्षों में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा। आपस में मारपीट कर रहे। पुलिस ने शांत भंग में कार्रवाई की गई।

# यमुना में भीषण उफान, कश्मीरी गेट तक पहुंची बाढ़, ट्रैफिक थमा, 40 ट्रेनें रद्द

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में आज गुरुवार सुबह फिर दिन की शुरुआत बारिश से हुई। कई हिस्सों में सुबह बारिश देखी गई। वहीं दूसरी तरफ यमुना नदी उफान पर है, जिसकी वजह से कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना बाजार, मजनू का टीला, मयूर विहार, गीता कॉलोनी, और झरोड़ा कलां जैसे क्षेत्रों में पानी घरों और दुकानों में घुस गया है। मौसम विभाग ने इस महीने भी अच्छी बारिश का आनुमान जताया है। खराब मौसम और बारिश के कारण आज भी उड़ानें प्रभावित रहेंगी।



उफनती यमुना नदी का पानी दिल्ली के यमुना किनारे वाले कुछ हिस्सों में घुसने से भीषण जलभराव हो गया है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर पानी रिंग रोड तक पहुंच गया है। जिसकी वजह से वाहनों की रफ्तार पर असर पड़ा है। लोग वाहन लेकर गुजर रहे हैं और राह भी परेशान हो रहे हैं। दिल्ली मंडल के पुराने यमुना पुल (ब्रिज संख्या-249) पर रेल यातायात निलंबित कर दिया गया है। इसके चलते बड़ी संख्या में ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है। रेलवे ने बताया कि सुरक्षा कारणों से 40 ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है, 34 ट्रेनों का मार्ग बदला गया है, 11 ट्रेनों की शुरुआत अन्य स्टेशनों से होगी और 14 ट्रेनों का गंतव्य बदलकर (शॉर्ट टर्मिनेशन) समय से पहले ही समाप्त किया जाएगा दिल्ली से सहारनपुर, शामली, गाजियाबाद, अलीगढ़, दनकौर समेत कई नजदीकी मार्गों पर चलने वाली ईएमयू और पैसेंजर ट्रेनों को 4 सितंबर को रद्द कर दिया गया है। इनमें दिल्ली जंक्शन-सहारनपुर, दिल्ली-शामली, दिल्ली-गाजियाबाद, दिल्ली-अंबाला कैंट, दिल्ली-मुरादाबाद और दिल्ली-कोटद्वार जाने वाली कई एक्सप्रेस व जनशताब्दी भी शामिल हैं। जम्मूतवी से धनबाद और जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। लंबी दूरी की 34 ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जा रहा है। इनमें अवध असम एक्सप्रेस, कालका-हावड़ा मेल, रानीखेत एक्सप्रेस, मसूरी एक्सप्रेस, आलाहजरत एक्सप्रेस, मानेन्दा एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल सहित पूर्वोत्तर, बिहार, उत्तर प्रदेश और पूर्वी भारत की ओर जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों को साहिबाबाद, नई दिल्ली, सब्जीमंडी, तिलक ब्रिज व सराय रोहिल्ला स्टेशनों के रास्ते मोड़ा जा रहा है।

नई दरें नवरात्रि के मौके पर यानी 22 सितंबर 2025 से प्रभावी होंगी

# बड़ा ऐलानः चार की जगह अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब को मंजूरी

नई दिल्ली/मुंबई
एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को उत्पाद एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को लेकर बड़ा ऐलान किया। इसके मुताबिक, अब जीएसटी में सिर्फ तीन स्लैब छोड़े गए हैं। जहां 12 फीसदी और 28 फीसदी वाले कर ढांचों को खत्म कर दिया गया है, वहीं 5, 18 के पिछले स्लैब्स को बरकरार रखा गया है। वहीं, 40 फीसदी का एक नया टैक्स ढांचा बनाया गया है।

जीएसटी काउंसिल ने अप्रत्यक्ष करों की दरों में ऐतिहासिक सुधार करते हुए चार की जगह अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब को मंजूरी दे दी। काउंसिल में सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों ने आम सहमति से जीएसटी की सिर्फ दो दरों, 5 और 18 फीसदी को मंजूरी दी। पनीर, छेना, टेट्रापैक दूध, रोटी, चपाती पराठा, खाकरा जैसी आम लोगों से जुड़ी खाद्य वस्तुओं, दुर्लभ बीमारियों और कैंसर की दवाओं पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा





पॉलिसियों को भी करों से छूट दे दी गई है। इसकी लंबे अरसे से मांग उठ रही थी। वहीं, फास्ट फूड, धनाढ्य वर्ग के उपभोग में आने वाली लग्जरी कारों समेत शराब, तंबाकू जैसी चुनिंदा विलासिता की एवं जीवन के लिए हानिकारक वस्तुओं के लिए 40 फीसदी का विशेष कर स्लैब बनाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। इस फैसले से 175 से अधिक वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। वर्तमान में जीएसटी की चार दरें 5, 12, 18 और 28 फीसदी लागू हैं। काउंसिल की बुधवार को हुई करीब साढ़े दस घंटे की बैठक के बाद सीतारमण ने बताया कि ये सुधार आम आदमी को ध्यान में रखकर किए गए हैं। आम आदमी के दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर लगने वाले हर कर की कड़ी समीक्षा की और ज्यादातर मामलों में दरों में भारी कमी हुई है। किसानों और कृषि क्षेत्र के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र को भी इससे लाभ होगा। दरों का यह सरलीकरण अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार पहल का हिस्सा है।

# आज पहाड़ों के कई जिलों में तेज दौर की बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में लोगों को अभी बारिश से राहत नहीं मिलने वाली है। आज भी प्रदेश के कई जिलों में बारिश के आसार है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज (बृहस्पतिवार) भी तेज दौर की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल, चम्पावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी हल्की बारिश की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो नौ सितंबर तक प्रदेशभर में हल्की बारिश होने के आसार हैं।

### प्रदेश में 520 सड़कें हैं बंद

प्रदेश में 520 सड़कें बंद हैं। लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें विभाग के तहत पांच राष्ट्रीय राजमार्ग, 27 राज्य मार्ग, 17 मुख्य जिला, आठ अन्य जिला एवं 164 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। इसमें पौड़ी जिले में 71, टिहरी में 43, चमोली में 53, रुद्रप्रयाग में 43, उत्तरकाशी में 65, देहरादून में 49, हरिद्वार में पांच, पिथौरागढ़ में 51, चंपावत में नौ, अल्मोड़ा में 86, बागेश्वर में 12, नैनीताल में 32 एवं ऊधमसिंह नगर जिले में एक सड़क बंद हैं।



# इंदिरा नगर में चोरों ने घर पर बोला धावा, आभूषण चोरी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

चोरों के हौसले बुलंद होते नज़र आ रहे ओर पुलिस चोरों के आगे नस्मस्तक हो रही है जहां पुलिस के आला अधिकारी छोटी मोटी चोरी का खुलासा कर अपने हाथों से अपनी पीठ थप थापती नज़र आ रही है।

पुलिस चोर को पकड़ना तो दूर पीड़ित का मुकदमा लिखना भी गवारा नहीं कर रही है चोरों ने इस वार इंदिरा नगर के मोहम्मदी चौक में रहने वाले उस्मान अली के घर में 27 अगस्त को प्रातः चोरों ने धावा बोल कर घर की खूंटी पर टंगी पेंट की जेब में रखें सोने के आभूषण पार कर पुलिस को चुनौती दी है। उस्मान ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने अभी तक अभी तक मुकदमा दर्ज करना तो दूर चोर को धुंध भी नहीं पाई उस्मान का कहना है कि पुलिस कह रही है कि पहले चोर को ढूंढ ले फिर मुकदमा दर्ज करेंगे ऐसे में लगता है कि एक हफ्ता भी जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी भी खाली है ऐसे में चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं पुलिस के इस रवैया से पीड़ित काफी खिन्न है । उस्मान का कहना है उसके घर से 50 ग्राम सोना चोरी हुआ है।

# भूरारानी की महिलाएं पहुंची एसएसपी कैंप कार्यालय, पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

मोबाइल चोरी के आरोप में युवक को पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप में भूरारानी क्षेत्र की महिलाओं ने देर शाम पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में एसएसपी कैम्प कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान महिलाओं ने क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को लेकर भी आवाज उठाई। जिस पर एसएसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

भूरारानी क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं एसएसपी कैंप कार्यालय पहुंची। उनके साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी थे। महिलाओं ने बताया कि भूरारानी निवासी चंदन पासवान पर



किसी अनजान व्यक्ति ने मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगा दिया। आरोप है कि चंदन पासवान को संबंधित चौकी से दो सिपाही रात को घर से उठा लाये। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने चंदन को बेरहमी से पीटा जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। सीसीटीवी फुटेज में युवक की चोरी में कोई भूमिका नहीं होने की पुष्टि पर पुलिस ने उसे घायल अवस्था में छोड़ दिया। महिलाओं ने एसएसपी से झूठे आरोप में युवक को प्रताड़ित करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले में पीड़ित युवक की बहन की ओर से एसएसपी को तहरीर भी दी गयी। इसके साथ ही महिलाओं ने भूरारानी क्षेत्र में पुलिस की शह पर नशे का अवैध कारोबार चलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नशा माफियाओं के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और निर्दोषों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने एसएसपी से कहा कि पुलिस ने निर्दोष युवक को दबाव में प्रताड़ित किया है,ऐसे पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए क्षेत्र में नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। उन्होंने इसके खिलाफ भी एसएसपी से सख्त कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने दोनों मामलों में कार्यवाही का आश्वासन दिया। वहां पर पूनम, सावित्री,अंजलि,सुनीता, रेखा, गहली,ममता,सीता, बीना, सलेश, आरती, सुनीता, दामिनी, रूकमणि, गुड़िया, लुधिया, प्रमिला, रीतम, सत्या, सिकंदर, ललिता, मोहन शामिल थे।

# मूसलाधार बारिश के बाद खुला मौसम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सरोवर नगरी नैनीताल में बीते पिछले कई दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद आज सुबह मौसम खुलते ही लोगों ने राहत की सांस ली। बादलों के छंटने और हल्की धूप खिलने से न सिर्फ स्थानीय लोगों बल्कि पर्यटकों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई।

बता दें कि बारिश के चलते नैनीताल की रौनक कुछ समय के लिए थमी जरूर थी लेकिन बुधवार को मौसम सुहावना होते ही नैनीताल की गलियां और बाजार फि र से गुलजार हो उठे। इसी बीच नगर में चल रहे ऐतिहासिक नंदा देवी महोत्सव में भी बुधवार को खासा उत्साह देखने को मिला। बारिश थमते ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ मंदिर परिसर और मेले के विभिन्न आयोजनों में जुटने लगी।

मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला भी जारी रहा जिसे देखने के लिए स्थानीय लोग और बाहर से आए पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचे। भीड़ के कारण माल रोड, तल्लीताल तथा मल्लीताल और मंदिर परिसर में दिनभर चहल-पहल बनी रही। लगातार बारिश के चलते बीते दो दिनों से पर्यटन कारोबारियों की कमाई पर असर पड़ रहा था। होटल व रेस्टोरेंट और बोट के कामकाज में भी सुस्ती छाई रही लेकिन बुधवार को मौसम खुलने के साथ ही कारोबारियों ने राहत की सांस ली। सरोवर में नौकायन और स्नोव्यू, टिफि नटॉप समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी। होटल कारोबारियों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में पर्यटकों की संखया में और इजाफा होगा जिससे व्यापार में सुधार होगा।

## NEWS / फटाफट

### युवक अनियंत्रित होकर छत से गिरा, चोटिल

**नैनीताल ।** नगर के चिड़ियाघर रोड स्थित होटल में कार्यरत युवक अनियंत्रित होकर छत से गिर गया। चोटिल अवस्था में अन्य कर्मी उसे तुरंत बिना कोई देरी किए हुए राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर प्राथमिकता से उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर निवासी कुंदन चिड़ियाघर रोड में सूर्या होटल में काम करता है। मंगलवार की रात को जब वर्षा थमने के बाद वह मौसम का जायजा लेने छत पर चढ़ा था। छत गीली होने के कारण वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया, जिससे उसकी कमर व पैर पर गंभीर चोटे आ गई। कुंदन के कराहने की आवाज सुन अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे व आनन-फानन में उसे लेकर राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उसे भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

### सद्गुरु श्री गौरी शंकर के जन्मोत्सव को हर्षोउल्लास से मनाया



**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती ताकुला गांव स्थित सहज परम धाम में ब्रह्मलीन सद्गुरु श्री गौरी शंकर दीक्षित के जन्मोत्सव को हर्षोउल्लास से मनाया गया। मंगलवार को देर रात धाम में भजन संध्या में लोग भक्ति रस में डूब गए वहीं बुधवार को आयोजित भण्डारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सदगुरू श्री अमरनाथ दीक्षित के संरक्षण में ताकुला सहज परम धाम में धर्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गए। मंगलवार की रात धाम में भजन गायक नितिन व्यास व उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। पूरी रात श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। वहीं बुधवार को श्री सदगुरू अभिषेक के बाद धाम में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में खटीमा, मुरादाबाद तथा दिल्ली व आसपास के सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। आयोजन में तारा दत्त जोशी, नवीन शर्मा, प्रकाश भट्ट तथा पारस जोशीए मौजूद रहे।

### चुनाव याचिका निस्तारित होने तक मतों को सुरक्षित रखें

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी को निर्देश दिया हैं कि याचिकाकर्ता शिवानी राणा की चुनाव याचिका निस्तारित होने तक मतों को सुरक्षित रखा जाए। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार ग्राम सिसौना निवासी शिवानी राणा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि क्षेत्र पंचायत सदस्य चुनाव में गड़बड़ी की गई है। उन्होंने हाईकोर्ट से पुनर्मतगणना की मांग है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वे केवल नौ मतों से पराजित हुई थीं। याचिका में कहा कि उसने क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा था जिसकी मतगणना 31 जुलाई की गई जिसमें उन्हें 1438 मत मिले जबकि विजेता प्रत्याशी को 1447 मत मिले। याचिका में कहा कि केवल 9 मतों का अंतर होने के कारण उसके अभिकर्ता ने दोबारा मतगणना की मांग की लेकिन आरओ ने इसकी अनुमति नहीं दी। उन्होंने 6 अगस्त को जिला मजिस्ट्रेट से पुन: मतगणना की मांग की लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

### शेरवानी होटल के तत्वावधान में विशेष स्वच्छता अभियान



**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में चल रहे मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान शेरवानी होटल के तत्वावधान में बुधवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। बता दें यह अभियान मां नयना देवी मंदिर परिसर और मेले के आसपास की साफ. सफाई को ध्यान में रखते हुए संचालित किया गया। होटल प्रबंधन की ओर से सफाईकर्मियों और स्वयंसेवकों की टीम ने मंदिर प्रांगण तथा सड़कों और आसपास फैले कचरे को एकत्रित कर निस्तारण किया साथ ही स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। शेरवानी होटल प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा का कहना है कि नंदा देवी महोत्सव सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक है ऐसे में परिसर की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिममेदारी है। इस दौरान दिनेश पालीवाल, एमपीएस अधिकारी, जीवन सिंह बिष्ट, बलवंत सिंह तथा कुंदन सिंह, सुशील तथा तारा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# नेत्रदान पखवाड़े के तहत लोगों को जागरूक किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल नैनीताल में नेत्रदान पखवाड़े के तहत बुधवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेही कन्याल ने मरीजों और तीमारदारों को जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि 25 अगस्त (सोमवार) से 8सितंबर (सोमवार) तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इसके तहत लोगों को नेत्रदान के लिए जागरूक किया जाता है। बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी आयु का, जिसके आंख की झिल्ली साफ और स्वस्थ है वह अपने जीवन काल में नेत्रदान हेतु शपथ पत्र दे सकता है साथ ही अगर किसी ने नेत्रदान के लिए शपथ पत्र न भी भरा हो तो मृत्यु के उपरांत 6 घंटों के भीतर उसका वारिस भी नेत्रदान करा सकता है। कहा कि नेत्रदान एक नेक कार्य है और एक व्यक्ति नेत्रदान कर दो लोगों के जीवन में रोशनी भर सकता है। इस दौरान जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ तरूण कुमार टमटा ने सभी को नेत्रदान के लिए जागरूक किया और सभी से अनुरोध किया कि वह अन्य लोगों को भी नेत्रदान के प्रति जागरूक करें।

इस दौरान डॉ द्रौपदी गर्बियाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेही कन्याल, डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉ रुचि गुप्ता, आरके रस्तोगी, दीपक, संजीव कुमार, जीतेश कुमार, मेट्रन रेशमा चौहान, शारदा गिनवाल, सुषमा बेलवाल, विमला चिलवाल, तृप्ति, स्नेहा सहित एनटीसी के विद्यार्थी और अस्पताल में पहुंचे मरीज और तीमारदार मौजूद रहे।

# युवक से 12.5 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस क्रम में एक और युवक एक संगठित साइबर ठग गिरोह का शिकार बन गया। ठगों ने इंश्योरेंस पॉलिसी के निपटारे (सेटलमेंट) के नाम पर करीब 12.5 लाख रुपये की ठगी कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथीखाल, नैनीताल रोड निवासी पीड़ित आशीष प्रसार ने वर्ष 2015 में एक बीमा पॉलिसी ली थी, लेकिन केवल दो किश्तें जमा करने के बाद उन्हें पॉलिसी बांड प्राप्त नहीं हुआ, जिसके कारण उन्होंने किश्तें जमा करना बंद कर दिया। इसी बीच दिसंबर 2024 में उनके पास एक व्यक्ति दीपक पासवान का फोन आया, जिसने खुद को "IGMS डिपार्टमेंट" से बताते हुए कहा कि उनकी पॉलिसी का सेटलमेंट 6,55,000 का है और केवल 15,004.72 का ड्यू बकाया है। रकम जमा करने पर दो-तीन दिन में पूरा पैसा खाते में आने की बात कही गई। पीड़ित ने भरोसा कर पहली किश्त 3 जनवरी 2025 को बताए गए खाते में भेज दी। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से आदेश महत्रा, संजय महाजन नाम के लोगों ने भी पीड़ित से संपर्क किया और मेल के माध्यम से बताया गया कि उनकी पॉलिसी की राशि लगातार बढ़ रही है। फर्जी मेल आईडी के नाम पर ईमेल भेजे गए, जिनमें बताया गया कि अब उनकी पॉलिसी की राशि क्रमश: 8 लाख, ?9.3 लाख, 11 लाख, 15 लाख और अंत में 25.94 लाख तक पहुंच गई है। इस झांसे में आकर आशीष ने 10 जनवरी से 10 जुलाई 2025 के बीच अलग-अलग खातों में कुल 12.5 लाख रुपये से अधिक की रकम जमा कर दी। इन खातों में कई बार एनईएफटी और GPay के माध्यम से भुगतान किया गया। पीड़ित ने बताया कि उसे आखिरी तक विश्वास दिलाया गया कि उसे उसकी बीमा राशि मिलने वाली है।

आखिरकार जब पैसे नहीं लौटे और लगातार नए-नए बहाने बनाए गए, तो पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित आशीष प्रसार ने अब इस संबंध में साइबर सेल, थाना हल्द्वानी में तहरीर देकर मामला दर्ज करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने ठगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# महिला उत्पीड़न मामले में विपक्षी महिला को नोटिस जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में महिला उत्पीड़न मामले में याचिकाकर्ता को जारी नोटिस पर रोक लगाते हुए विपक्षी महिला को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 अकतूबर (बुधवार) की तिथि नियत की है।

मुखय न्यायाधीश जी नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले में मुक्त विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा.भूपेन सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। जिसमें आरक्षण नियमों का भी पालन नहीं किया गया था। याचिका में कहा कि नियुक्ति में राज्य की महिलाओं के 30 प्रतिशत मिलने वाले क्षैतिज आरक्षण



का पालन नहीं किया गया। स्क्रीनिंग कमेटी से अस्वीकृत लोगों को भी नियुक्ति के लिए पात्र मान लिया गया।

याचिका में कहा कि इसकी शिकायत राज्यपाल से की गई तो एक अपात्र महिला ने राज्यपाल व एससी आयोग को पत्र भेजकर याची पर शोषण का आरोप लगा दिया। मामले की जांच के लिए विवि ने 2023 में एक कमेटी गठित की थी जिस पर अब कमेटी ने उन्हें नोटिस देकर पक्ष रखने को कहा है।

# संविदा प्राध्यापकों कार्य एवं शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में बुधवार से संविदा प्राध्यापकों के कार्य एवं शैक्षणिक प्रदर्शन के मूल्यांकन की नई और पारदर्शी प्रक्रिया शुरु की गई है। इस श्रृंखला के अंतर्गत पहले दिन यानी बुधवार को प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय के संविदा प्राध्यापकों का मूल्यांकन किया गया।

बैठक में बाह्य एवं आंतरिक विशेषज्ञों ने मौजूद होकर प्राध्यापकों की शिक्षण पद्धतियों और शैक्षणिक योगदान का आकलन किया चूँकि उच्च शिक्षा में नवाचार और प्रकाशन अनिवार्य अंग हैं इसलिए अधिकतम शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक संविदा प्राध्यापक से पिछले पाँच वर्षों में किए गए शोध प्रकाशनों/पुस्तक प्रकाशनों एवं परियोजनाओं पर प्रस्तुतिकरण देने को कहा गया। इसके आधार पर सभी प्राध्यापकों को ग्रेड प्रदान किए गए।

कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि यह पहल कुमाऊँ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा देने का प्रयास है। संविदा प्राध्यापकों के कार्य की पारदर्शी और गुणवत्ता पूर्ण समीक्षा से हम युवा शिक्षकों को प्रेरित करेंगे तथा अपने अकादमिक मानकों को और ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। शोध/ नवाचार और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन को बढ़ावा देना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है।

प्रो. रावत ने कहा कि कई प्राध्यापकों ने स्कोपस और एबडीसी इंडेक्स्ड जर्नल्स में शोध प्रकाशित किए हैं जो अत्यंत उत्साहजनक हैं, साथ ही सभी को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि तथाकथित पीयर रिव्यू के नाम पर प्रीडेटरी पत्रिकाओं में प्रकाशन न करें। उन्होंने कहा कि इस मूल्यांकन श्रृंखला के अगले चरण में अन्य संकायों के संविदा प्राध्यापकों का भी इसी प्रकार मूल्यांकन किया जाएगा जिससे सभी संकायों में उच्च शैक्षणिक मानक सुनिश्चित हो सकें और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण/अध्ययन वातावरण मिल सके।

# अभिमत

## क्रूर मजाक

*राज्य में 13 जिले हैं और पूरे साल में 13 दिन भी विधानसभा सत्र संचालित नहीं होता है। यह सरासर राज्य के जनमानस के साथ क्रूर मजाक नहीं तो क्या है? नियमावली के अनुसार साल में 60 दिन विधानसभा का सत्र चलना चाहिए, लेकिन सरकार छह दिन भी नहीं चला पा रही है। इस बार का मानसून सत्र चार दिन के लिए आयोजित किया गया था, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण मात्र ढाई घंटे में ही सरकार ने बिना चर्चा के सब काम निपटा दिया।*

उत्तराखंड राज्य का गठन पिछड़े पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए किया गया था। राज्य आंदोलनकारियों का तर्क था कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने से पर्वतीय क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिया जाता है। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में पर्वतीय विकास मंत्री का पद था और पर्वतीय क्षेत्र के बारे में विस्तार से अध्ययन करके समस्याओं का समाधान और योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाता था। इसके बाद भी पृथक राज्य की मांग करने वाले संतुष्ट नहीं हुए और उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया। राज्य गठन को 25 साल हो रहे हैं, स्थिति और गंभीर हो गई है। राज्य में 13 जिले हैं और पूरे साल में 13 दिन भी विधानसभा सत्र संचालित नहीं होता है। यह सरासर राज्य के जनमानस के साथ क्रूर मजाक नहीं तो क्या है? नियमावली के अनुसार साल में 60 दिन विधानसभा का सत्र चलना चाहिए, लेकिन सरकार छह दिन भी नहीं चला पा रही है। इस बार का मानसून सत्र चार दिन के लिए आयोजित किया गया था, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण मात्र ढाई घंटे में ही सरकार ने बिना चर्चा के सब काम निपटा दिया। राज्य गठन की शुरुआत में बजट सत्र, ग्रीष्मकालीन सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र होता था। अब साल में सिर्फ दो सत्र तीन-चार दिन के होते हैं। वर्ष 2000 में जब राज्य का गठन हुआ तो देहरादून को राजधानी बनाया गया। उस समय राज्य आंदोलनकारियों ने पर्वतीय क्षेत्र में राजधानी बनाने की मांग की। गैरसैंण में करोड़ों रुपये खर्च करके विधानसभा का निर्माण किया गया। वर्ष 2014 से अब तक 11 साल में सिर्फ 35 दिन विधानसभा सत्र आयोजित किया गया है। इस बार गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान तोड़फोड़ से शांत पर्वतीय क्षेत्र की छवि धूमिल हुई। देश की अन्य विधानसभाओं में भी हंगामा और तोड़फोड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हो चुकी हैं। गैरसैंण में विधानसभा सत्र के दौरान दिन में विपक्षी विधायकों ने हंगामा किया और रात को सदन के अंदर ही रजाई व कंबल ओढ़ कर सो गये। देश के किसी भी राज्य में माननीय जनप्रतिनिधियों ने कभी ऐसा नहीं किया। राज्य का गठन होने के बाद भाजपा और कांग्रेस ही सत्ता में रही हैं। दोनों पार्टियों की सरकार केबिनेट बैठक में निर्णय पर चलती रही हैं। उत्तराखंड की सरकार से अधिक तो उत्तर प्रदेश के एक पर्वतीय विकास मंत्री काम करते थे। पृथक पर्वतीय राज्य और पहाड़ पर विधानसभा का सपना चकनाचूर हो गया है।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन बुधवार को उत्साह और उल्लास के बीच संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया।

बता दें वॉलीबॉल वर्ग में अंडर-14 में काशीपुर तथा अंडर-17 में शांतिपुरी जबकि बैडमिंटन में अंडर-14 एवं अंडर-19 में पार्वती प्रेमा जगाती नैनीताल तथा अंडर-17 में बागेश्वर ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजयी टीमों ने क्षेत्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश कर विद्यालय एवं जनपद का मान बढ़ाया।

विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक उमेश ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की कुंजी हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और एकजुटता को मूलमंत्र बनाने की प्रेरणा दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों को अनुशासन तथा एकता और परिश्रम का पाठ पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में मिली हार.जीत केवल परिणाम नहीं होते बल्कि वे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। हार हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है जबकि जीत आत्मविश्वास को मजबूत बनाती है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे खेल से प्राप्त अनुशासन और संघर्षशीलता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें। डॉ. प्रकाश ने यह भी कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं बल्कि शारीरिक व मानसिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाना है। खेल इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता सभी टीमों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

निर्णायकों ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेल भावना की सराहना की। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। समापन समारोह में विद्यालय परिवार सहित अनेक गणमान्य लोग एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर एक पर्यटक वाहन पलटा, बाल-बाल बचे

**नैनीताल ।** नैनीताल शहर के बारापत्थर क्षेत्र में बुधवार को अनियंत्रित होकर एक पर्यटक वाहन पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई। मदद को राहगीर व स्थानीय लोग पहुंचे तो शराब के नशे में धुत चालक हंगामा करने लगा। जिसके बावजूद लोगों ने वाहन सीधा कर उसे कालाढूंगी की ओर भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह बारापत्थर के समीप कालाढूंगी की ओर जा रहा वाहन अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराकर बीच सड़क में पलट गया। हादसा होता देख राहगीर वाहन रोक मदद को पहुंचे तो वाहन चालक नशे में धुत मिला जो मदद नहीं चाहने की बात कहते हुए राहगीरों से ही अभद्रता करने लगा। सड़क पर जाम लगने के कारण लोगों ने एकजुट होकर वाहन को किसी तरह सीधा कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची मगर तब तक वाहन चालक कालाढूंगी की ओर जा चुका था।

# 425 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष/ राज्यआंदोलनकारी दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 425 वें दिन भी जारी रहा।

दिनेश गुरु रानी द्वारा बुधवार को अभियान के 425 वें दिन डीडीहाट के चरमा स्थित 12वीं बटालियन जे एण्ड के राइफ ल्स के अधिकारियों और सैनिकों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए हिमालय बचाओ शपथ दिलाई गई । जे एण्ड के राइफ ल्स के कर्नल भूपेंद्र गौतम के नेतृत्व में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत सैनिकों व अधिकारियों ने पौधारोपण सैनिक परिसर में किया । इस अवसर पर कर्नल भूपेंद्र गौतम ने कहा कि उनके सैनिक व अधिकारी देश की रक्षा व सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं, साथ ही साथ हिमालय क्षेत्र को भी प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने इस अभियान की सराहना की। कहा कि हिमालय को बचाने के लिए पौधारोपण जरूरी है।

लेफ्टिनेंट कर्नल एस अरुण ने कहा कि हमारे क्षेत्र में कार्य करने वाले सैनिकों के माध्यम से उच्च हिमालय क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग दिया जाता रहता है और समय.समय पर सैनिकों के माध्यम से पौधारोपण किया जाता रहा है ।सूबेदार मेजर अशोक कुमार ने कहा कि सैनिक देश सेवा के साथ-साथ हिमालय की रक्षा भी करते हैं। इस अवसर पर सूबेदार सतीश कुमार, डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल व योगेश डसीला व बलवंत समेत जे एंड के राइफल्स के सैनिक उपस्थित रहे। इधर दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

# फिल्मी दुनिया

## निक जोनस ने गाया ऐसा गाना कि कमरे से भागीं प्रियंका चोपड़ा



*हाल ही में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने एक वीडियो शेयर किया है। इसमें एक्ट्रेस निक का सॉन्ग सुनकर कमरे से भागती दिख रही हैं।*

*बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और उनके पति-सिंगर निक जोनस अक्सर सोशल मीडिया पर वीडियोज और फोटोज शेयर करते हैं। हाल ही में एक वीडियो में निक गाना गाते दिख रहे हैं और उनके सॉन्ग को सुनकार प्रियंका कमरे से भागती दिख रही हैं। इसे देख यूजर्स भी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में निक गाना गाते दिख रहे हैं और उसी कमरे में अभिनेत्री एलईडी फेस मास्क पहने, सोफे पर बैठी किताब पढ़ने में व्यस्त हैं। जब निक गाना गा रहे थे, तो प्रियंका कुछ देर तक उन्हें देखती रहीं। इसके बाद प्रियंका अपने पति से हैरान होकर चुपचाप कमरे से बाहर चली गईं।*

### यूजर्स बोले- बहुत तेज आवाज थी

*वीडियो वायरल होते ही यूजर्स की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा,क्या ये काफी तेज है?' दूसरे यूजर ने कहा, प्रियंका शांति से अपनी किताब पढ़ना चाहती हैं।' एक और यूजर ने कहा, 'मैं आपको यूरोप में नहीं सुन पा रही हूं।' इसके अलावा अन्य यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में लिखा कि प्रियंका चोपड़ा का अंदाज पसंद आया। साथ ही एक ने कहा कि लगता है परी डरी गई।*

*साल 2018 में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी हुई थी। वो भी हिंदू और ईसाई दोनों रीति-रिवाजों से।*

# नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरूंगी: मीमांसा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय युवा कांग्रेस की नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव मीमांशा आर्या का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कुसुमखेड़ा चौराहे से आयोजित रैली में भारी संख्या में वाहन रैली स्वराज आश्रम पहुंची जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए मीमांशा को उज्वल जीवन की शुभकामनाएं दी। हल्द्वानी विधायक सुमित ह्रदेश व कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने नियुक्ति पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा हल्द्वानी के लिये गर्व की बात है और मीमांशा की सालों की मेहनत ने संगठन को देखा और सराहा है। पूर्व राज्य मंत्री सुहैल अहमद व युवा काग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा मीमांशा आर्या की नियुक्ति से युवाओं में नई शक्ति का संचार हुआ इससे प्रदेश में युवा कांग्रेस को और मजबूती मिली है। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन हेमंत बगड़वाल, हेमन्त साहू, पार्षद प्रीति आर्या , योगेश जोशी, संजय किरोला, मधु संगुरी,रजनी आर्य,शोभित कुमार, गीता बहुगुणा,जूही चुफाल मधु संगुरी , रजनी आर्य, शोभित कुमार , गीता बहुगुणा, जूही चुफाल, स्वाति जोशी, भागीरथी बिष्ट, कोमल जायसवाल, अक्की , आयुष अग्रवाल, दिव्या आर्य, नवाज हुसैन, चंकी पांडे, रमेश कुमार, धपोला, स्वाति जोशी, त्रिलोक बनोली, सौरभ कुमार, हिमांशु जोशी, मुकुल बालोटिया, पंकज कोहली, पूरन आर्य, विपिन चंद्रा, जय किशन,समेत हजारों लोग थे। कार्यक्रम का संचालन युवा काग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने किया।







# मां नंदा देवी महोत्सव में महाभंडारे का विशेष आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में चल रहे 123वें नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव में बुधवार को ऐतिहासिक डीएसए मैदान में महाभंडारे का विशेष आयोजन किया गया। महाभंडारे में सैकड़ों मां के भकतों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। दूसरी ओर अब महोत्सव के तहत वीरवार (आज) को नंदा चालीसा पाठ तथा भजन का विशेष कार्यक्रम होगा,आयोजक संस्था श्री राम सेवक सभा ने दोनों कार्यक्रमों की तैयारियों को बुधवार को अंतिम रुप दिया।

बता दें कि महाभंडारे से पहले देवी भोग का आयोजन किया गया। भंडारे को कामयाब बनाने में दीपक साह, मुकुल जोशी, राजेंद्र लाल साह, देवेंद्र लाल साह, राजेश साह, अमर साह, गोधन सिंह समेत पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल एवं उनकी टीम ने सभी को प्रसाद वितरित किया। दूसरी ओर महोत्सव के तहत दिन भर चले कार्यक्रमों को सफल बनाने में श्री राम सेवक सभा के संरक्षक गिरीश जोशी समेत अध्यक्ष मनोज साह, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी,हरीश राणा, देवेंद्र लाल साह, विमल चौधरी, भीम सिंह कार्की,कमलेश ढौडियाल, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, मोहित लाल साह, डॉ मोहित सनवाल, दिनेश भट्ट, ललित साह, घनश्याम लाल साह, राजेंद्र लाल साह, कैलाश जोशी, भुवन बिष्ट, दीपक साह तथा राजेश साह आदि लगे रहे।

**सीधा प्रसारण ताल चैनल तथा यूट्यूब के माध्यम से:** मां नंदा महोत्सव के सीधा प्रसारण ताल चैनल तथा यूट्यूब के माध्यम से किया गया, सीधा प्रसारण में बुधवार को पर्यावरण, युवाओं का प्रोत्साहन, रक्तदान, स्वास्थ, संस्कृति सहित नैनीताल नगर पर व्यापक चर्चा हुई।

सीधा प्रसारण में आयुक्त दीपक रावत समेत श्री राम सेवक सभा के पूर्व अध्यक्ष व पालिका सभासद मुकेश जोशी, अभिषेक, विक्रम सिंह रावत, सीएमओ डॉ.हरीश चंद्र पंत, एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा समेत हर्बल टी से जुडे दिनेश जोशी के साथ ही डॉ. किरण तिवारी, दीपा चौधरी , जनहित संस्था के प्रतिनिधि अशोक साह तथा जगमोहन सिंह बिष्ट समेत डॉ श्रीकर पंत तथा श्री राम सेवक सभा के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संयोजक डॉ. मोहित सनवाल,एडवोकेट खुर्शीद, ब्रदर लारेंस, राकेश भट्ट ,अनिल बिष्ट, भुवन त्रिपाठी,जिला अस्पताल के पीएमएस डा.टी.के.टमटा,वरिष्ठ फिजिशियल डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल समेत डॉ द्रौपदी गर्बियाल तथा डॉ पल्लवी ने विचार रखे। संचालन डॉ. कपिल जोशी, प्रो. ललित तिवारी,नवीन पांडे तथा मृणाल नेगी ने किया।






## भवाली में मां नंदा व सुनंदा की भव्य शोभा निकाली

**भीमताल ।** जिले के भीमताल विकासखंड के तहत भवाली में चल रहे मां नंदा देवी महोत्सव का बुधवार को मां नंदा व सुनंदा की भव्य शोभा यात्रा निकलने के साथ ही समापन हो गया। शोभा यात्रा के समय भकतजनों में गजब का उत्साह नजर आया। मंदिर परिसर से निकली शोभा यात्रा को बाजार में घुमाया गया,इस दौरान भकतों ने मां नंदा व सुनंदा के जयकारे लगाए और कहा कि अगले बरस फिर जल्दी आना। शोभा यात्रा में भवाली नगर के साथ समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के भकतों ने काफी भकतिभाव से भाग लिया। इस दौरान शोभा यात्रा में नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या समेत पालिकाध्यक्ष पंकज आर्या तथा पूर्व दर्जा मंत्री खष्टी बिष्ट समेत कंचन साह, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, भाजपा नैनीताल की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी कविता गंगोला समेत कई जनप्रतिनिधि समेत महोत्सव समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ ही अन्य लोग शामिल हुए।

## पंच आरती संपन्न कराई

महोत्सव के तहत शाम को आयोजित पंच आरती में आयुक्त तथा सीएम के सचिव दीपक रावत तथा आचार्य देवेश जोशी शामिल हुए। पंच आरती पंडित चंद्र शेखर तिवारी द्वारा संपन्न कराई गई। पंच आरती के बाद हलवा का प्रसाद बांटा गया।



# कल मां नंदा-सुनंदा डोला भ्रमण को लेकर यातायात डायवर्जन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में शुक्रवार को श्री मां नंदादेवी महोत्सव के तहत मां नंदा-सुनंदा डोला भ्रमण के दौरान शहर का यातायात प्लान बदला रहेगा। यह प्लान सुबह 10 बजे से यात्रा समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

पुलिस की ओर से जारी यातायात प्लान के अनुसार कालाढुंगी से भवाली तथा कैचीधाम जाने वाले ट्रैफि क को रूसी प्रथम से रूसी टू होते हुए बैंड नंबर वन से भेजा जाएगा। इसके अलावा तथा भवाली से यूपी, दिल्ली तथा हरियाणा आदि जाने वाला ट्रैफि क रुसी-टू से रुसी-वन होते हुए भेजा जाएगा। शोभा यात्रा के दौरान कुछ मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा। जब डोला मल्लीताल में खड़ी बाजार मोहनको में भ्रमण करेगा, उस दौरान बारापत्थर से आने वाले ट्रैफिक को बारापत्थर तिराहा से डायवर्जन कर ऑल सेंट्स तिराहा से डांट की तरफ को भेजा जाएगा। इसके अलावाए जब डोला रिकशा स्टैंड मल्लीताल से घोड़ा स्टैंड होते हुए मोहनको रोड की तरफ को जाएगा तब मन्नु महारानी से आने वाले ट्रैफि क को चीनाबाबा से मैट्रोपोल होते हुए मस्जिद तिराहा से राजभवन तिराहा होते हुए डांट को भेजा जाएगा।

नैनीताल में पार्किंग 70 प्रतिशत भर जाने पर वाहनों को नारायण नगर एवं रुसी 2 पर पार्क करवाकर शटल सेवा के माध्यम से यात्रियों को नैनीताल पहुंचाया जाएगा। जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने श्रद्धालुओं से सहयोग करने की अपील की है।

# बैठक: लंबित विवेचनाओं को लेकर गहरी नाराजगी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने एक बार फिर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया है। बुधवार को उन्होंने जनपद के सभी विवेचकों के साथ आदेश कक्ष में समीक्षा बैठक की, जहां लंबित विवेचनाओं को लेकर गहरी नाराजगी जताई। एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गुमशुदगी सहित सभी विवेचनाओं का समयबद्ध और गंभीरता से निस्तारण अनिवार्य है, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान लापरवाही बरतने पर उपनिरीक्षक हरजीत सिंह राणा और अपर उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह को निलंबित कर दिया गया, जबकि उपनिरीक्षक मोहम्मद युनुस और तारा सिंह राणा को लाइन हाजिर करने के आदेश दिए गए। एसएसपी मीणा ने यह भी चेतावनी दी कि न्यायालयी मामलों में लापरवाही या गवाही के समय अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और उन पर भी सख्त कार्रवाई होगी।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री आकांक्षा रावत का नाम बदलकर आकांक्षा लाहोटी रख लिया है, अत: भविष्य में मेरी पुत्री को आकांक्षा लाहोटी नाम से जाना, पहचाना जाये। - **आशीष लाहोटी, पुत्र विनय कुमार लाहोटी, अपोजिट राजलक्ष्मी फर्नीचर्स, मिश्रा कुंज, नैनीताल रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)**

# डीएम वंदना के निर्देशन में वार्डवार जन सुविधा शिविरों का नियमित आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम के वार्ड संख्या 31 और 32 में जन सुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वार्ड 32 में यह शिविर राजकीय इंटर कॉलेज, बनभूलपुरा में तथा वार्ड 31 में ताज मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया।शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और नई लाइट लगाए जाने की माँग, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ प्रमुख रूप से उठाई गईं। अधिकारियों ने इनमें से शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत शिविर में कुल 56 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थनापत्र सम्मिलित थे। जन सुविधा शिविर में सिटी मजिस्ट्रेट श्रोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जी. के. भट्ट, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, वार्ड संख्या 31 के पार्षद समीर अंसारी तथा वार्ड संख्या 32 की पार्षद फईम जैबा सलमानी उपस्थित रहे।

स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी करते हुए शिविर का लाभ उठाया।जन सुविधा शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपने वार्ड क्षेत्र में ही वन-स्टॉप सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जहाँ आधार कार्ड बनवाने और संशोधन, राशन कार्ड से संबंधित कार्य, विवाह पंजीकरण जैसी सेवाओं के साथ-साथ नगर निगम एवं पूर्ति विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर किया जा रहा है। इन शिविरों में अधिकारियों की प्रत्यक्ष मौजूदगी से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो रहा है और पारदर्शिता एवं विश्वास को नई मजबूती मिल रही है।

जिला प्रशासन ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुँचकर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएँ। इन शिविरों का उद्देश्य है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान और सरकारी सेवाओं का लाभ उनके घर-पास ही मिल सके एवं योजनाओं का सीधा लाभ सरल एवं सहज तरीके से हर नागरिक तक पहुँच सके।